Re: One Nation - One Voter ID- laid

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर): मतदान को न केवल एक नागरिक कर्तव्य बल्कि एक नागरिक अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए। हमें मूल मतपत्र की सुगमता सुनिश्चित करने और भूले हुए प्रवासी मतदाता को सशक्त बनाने के लिए "वन नेशन वन वोटर आईडी" की देश में शुरुआत करनी चाहिए। जिस प्रकार से देश में किसी भी उचित की दुकान से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभ प्राप्त करने के लिए प्रवासी श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को सक्षम करने के लिए "वन नेशन वन राशन कार्ड" की शुरुआत की गयी थी जो बिलकुल सफल हुई है और आज कोई भी राशन कार्ड धारक देश में किसी भी राशन की दुकान से अपना राशन ले सकता है। वन नेशन, वन वोटर लिस्ट" से चुनाव प्रक्रिया में सुधार होगा देश की चुनावी व्यवस्था में पारदर्शिता के लिए आधार नंबर को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने की पहल की गई है। पीएम श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी एक बार कहा था कि हमें निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए "वन नेशन, वन वोटर लिस्ट" और "वन नेशन, वन इलेक्शन" की चर्चा करते रहना चाहिए जिससे मतदान प्रक्रिया में सुधार होगा। इसलिए मैं भारत में "वन नेशन वन वोटर आईडी" की व्यवस्था की मांग करता हूँ। इसके लागू होने से सरकार के राजस्व का बहुत बड़ा अंश देशहित के अन्य कार्यों को करने के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा।